दिन– मंगलवार  दिनांक– 19 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेशभर में आज से सहयोग शिविर की शुरूआत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सारण जिले से राज्यव्यापी अभियान का किया शुभारंभ।

02. राज्य में भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए बिहार भूमि न्यायधिकरण के सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई।

03. राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा–महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के मुद्दे पर पार्टी करेगी आंदोलन।

04. और, राज्य में औद्योगिक विकास को देखते हुए नबीनगर एनटीपीसी परियोजना का होगा विस्तार। आठ–आठ सौ मेगावाट की तीन इकाईयां लगाई जायेंगी।

——————————————————————

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज से पंचायत स्तर पर राज्यव्यापी 'सहयोग शिविर' शुरू हो गया । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वयं सारण जिले के डुमरी बुजुर्ग पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर राज्य व्यापी अभियान का उद्घाटन किया। श्री चौधरी ने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का समाधान अधिकतम 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को किया जायेगा।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर से सीधी निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनता की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर एक एक शून्य शून्य और सहयोग पोर्टल भी क्रियाशील कर दिया गया है।

——————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने पटना के दानापुर अनुमंडल के सरारी पंचायत में सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर

त्यागराजन एसएम समेत अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे। बेगूसराय जिले के प्रभारी मंत्री सह सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बरौनी प्रखंड अंतर्गत भरत उच्च विद्यालय पिपरा देवस में सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर तेघड़ा के विधायक रजनीश कुमार, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शस्त्री, पुलिस अधीक्षक मनीष समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इधर, दरभंगा जिले में चौबीस स्थानों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री सह पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कटिहार में आयोजित सहयोग शिविर के माध्यम से दो हजार नौ सौ पचहत्तर शिकायतों का निष्पादन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री सह कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने सदर प्रखंड के भवाड़ा पंचायत में सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। वहीं, अरवल जिले के करपी प्रखंड के परियारी पंचायत में जिले के प्रभारी मंत्री सह पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शिविर का उद्घाटन किया।अन्य जिलों में भी विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सुपौल जिले के प्रभारी सह योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल होकर आमजनों की समस्याओं और शिकायतों को सुनते हुए उसके निष्पादन के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। औरंगाबाद जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बसडिहा स्कूल मैदान में प्रभारी मंत्री रमानिषाद सहयोग शिविर का उद्घाटन किया।

———————————————————

बिहार भूमि न्यायधिकरण के सदस्यों की संख्या चार से बढ़ाकर सात कर दी गई है। इसके साथ ही न्यायाधिकारण में पांच नये सदस्यों की नियुक्ति की गई है। राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आम लोगों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने और भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए यह निर्णय किया गया है।

———————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में

महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और सरकार केवल बयानवाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि राजद महिलाओं के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन करेगा।

---बाइट---

--------------------------------

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने लोहार जाति को फिर से अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किये जाने के विषय को लेकर बिहार राज्य लोहार समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ आज बैठक की। समिति ने विधानसभा अध्यक्ष को इस संबंध में दस्तावेज सौंपते हुए सहयोग का आग्रह किया है। अध्यक्ष ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से जुड़े इस मामले में संसद के माध्यम से ही पहल संभव है। श्री कुमार ने कहा कि दस्तावेजों के आधार पर केंद्र व राज्य सरकार से पत्राचार किया जायेगा।

--------------------------------

औरंगाबाद जिले के नबीनगर में स्थित एनटीपीसी की सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार किया जायेगा। कंपनी के परियोजना प्रमुख एल.के. बहेरा ने प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य में औद्योगिक विकास को देखते हुए बिजली की अतिरिक्त आवश्यकता है। इसे पूरा करने के लिए नबीनगर परियोजना के स्टेज टू के तहत आठ–आठ सौ मेगावाट की तीन इकाईयां स्थापित की जा रही है।

---बाइट---

--------------------------------

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने विभिन्न कानूनी मंचों पर विचाराधीन मामलों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के प्रयास तेज कर दिये हैं। श्री मांडविया ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निधि आपके निकट कार्यक्रम के तहत मामलों की पहचान कर

उनके निपटान की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि ईपीएफओ, वाट्सअप अपनाने की योजना बना रहा है ताकि संपर्क सुविधा को बढाया जा सके।

———————————————————————

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ने ई–फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ कल देशभर में हड़ताल की घोषणा की है। बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संघ ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। संघ के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिंह ने कहा कि बीस मई को प्रदेश की दवा दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कंपनियां नकली, नशीली और अवैध दवाओं की बिक्री कर रहीं हैं। जिससे समाज को बड़ा नुकसान हो रहा है। दवा विक्रेताओं ने ई–फार्मेसी प्लेटफॉर्म पर अंकुश की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

———————————————————————

भारतीय रेलवे ने चौवन किलोमीटर लंबी किउल–झाझा तीसरी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि हावड़ा–दिल्ली मार्ग पर क्षमता बढ़ाने के लिए नौ सौ बासठ करोड़ रुपये की लागत से इस रेल लाइन का निर्माण किया जायेगा। इस परियोजना के पूरा हो जाने से इस अतिव्यस्त रेलखंड पर यात्रियों और मालगाड़ियों की आवाजाही अधिक सुगम और समयबद्ध हो सकेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे हावड़ा–दिल्ली मार्ग पर परिचालन क्षमता बढ़ेगी और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को मजबूती मिलेगी।

———————————————————————

रेलवे ने पटना और ओडिशा के खोरधा रोड जंक्शन के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। पटना–खोरधा रोड स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार की सुबह आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर पटना जंक्शन से खुलेगी और अगले दिन तीन बजकर पैंतीस मिनट पर खोरधा रोड पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार खोरधा रोड से दोपहर तीन बजकर पन्द्रह मिनट पर खुलकर अगले दिन सुबह दस बजकर पैंतालीस मिनट पर पटना पहुंचेगी।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड संयुक्त परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। समिति के द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आठ जून से बाईस जून तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित मोड में ली जायेगी। परीक्षा के लिए सभी प्रमंडलीय मुख्यालय में केन्द्र बनाये जायेंगे। बोर्ड ने कहा है कि अभ्यर्थी अट्‌ठाईस मई से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। समिति की वेबसाइट फॉर्म डॉट बीएसईबी डेलएड डॉट कॉम से डाउनलोड कर सकते है।

————————————————————————

राज्य के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भभुआ और रोहतास जिले में लू के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि रोहतास, भभुआ, बक्सर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है। वहीं, चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के कारण राज्य के उत्तरी भागों मे मौसम में परिवर्तन की संभावना है। इस दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, मधुबनी, सुपौल, अररिया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, और उत्तर–पूर्व भागों में आंधी–बारिश हो सकती है।

———बाइट———

————————————————————————

इधर, भीषण गर्मी के मद्‌देनजर कैमूर जिला प्रशासन ने आठवी कक्षा तक के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों को तेईस मई तक बंद रखने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि आठवीं कक्षा से ऊपर के स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां सुबह साढ़े दस बजे तक ही संचालित की जा सकती।

————————————————————————

तेल विपणन कम्पनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग नब्बे पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। राजधानी पटना में अब पेट्रोल का मूल्य एक सौ दस रूपये दो पैसे प्रति लीटर और डीजल का मूल्य चौरानवे रूपये संतानवे पैसे प्रति लीटर हो गया है।

———————————————————————

सारण पुलिस ने नशामुक्त सारण अभियान के तहत जिले के विभिन्न भागों में छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी–विदेशी शराब जब्त की है। इस संबंध में चौदह तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

पूर्व–मध्य रेल के सोनपुर मंडल अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे लोगों से पच्चीस लाख रूपये से अधिक की राशि जुर्माने के तौर पर वसूली गई।

———————————————————————

शिवहर जिले में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आज समापन हो गया। केन्द्रीय मंत्री सतीश चन्द्र दूबे समापन सत्र में शामिल हुए।

———————————————————————

सुपौल जिले के बलुआ स्थित पुनर्वास स्कूल में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छह से सात वर्ष के बच्चाों में संक्रमण की स्थिति के आकलन के लिए टीएएस–वन जांच की गई।

———————————————————————

सुपौल जिले के वीरपुर में भारत–नेपाल सीमा के समीप एसएसबी जवानों ने जांच अभियान के दौरान एक नाबालिग लड़की को मानव तस्करों से मुक्त करा लिया। जांच अभियान के दौरान भारी मात्रा में नेपाली शराब और गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मेहुस गांव में संचालित वस्त्र निर्माण केन्द्र में कार्यरत मजदूरों को विकसित भारत योजना और पीएफ योजना से जोड़ा जायेगा। जिलाधिकारी शेखर आनंद ने आज इस वस्त्र निर्माण इकाई के निरीक्षण के दौरान ये निर्देश दिये।

———————————————————————

01. प्रदेशभर में आज से सहयोग शिविर की शुरूआत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सारण जिले से राज्यव्यापी अभियान का किया शुभारंभ।

02. राज्य में भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए बिहार भूमि न्यायधिकरण के सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई।

03. राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा–महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के मुद्दे पर पार्टी करेगी आंदोलन।

04. और, राज्य में औद्योगिक विकास को देखते हुए नबीनगर एनटीपीसी परियोजना का होगा विस्तार। आठ–आठ सौ मेगावाट की तीन इकाईयां लगाई जायेंगी।

———————————————————————

**समाप्त**